**HIGHWAY INFRASTRUCTURE LIMITED**
**CIN : U45203MP2006PLC018398**
**GSTIN : 23AABCH6631A1Z9**
**REG. OFFICE ADDRESS:** 57-FA, SCHEME NO. 94, PIPLIYAHANA JUNCTION, RING ROAD, INDORE, (M.P.) – 452016, INDIA
Tel: +91-731-2590013, 4047177
E-Mail: hiplindore@gmail.com, Visit us at: www.highwayinfrastructure.in

**November 8, 2025**

| To,<br>The Secretary,<br>Corporate Relationship Department,<br>BSE Limited<br>P. J. Towers, Dalal Street<br>Mumbai- MH 400001. | To,<br>The Secretary,<br>Listing Department,<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, BKC, Bandra (E)<br>Mumbai - MH 400051. |
|---|---|

**Scrip Symbol: HILINFRA | Scrip Code: 544477 | ISIN: INE00RL01028**

**Subject: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (“SEBI Listing Regulations”)**

Pursuant to Regulation 30, 47 and other applicable provisions of the SEBI Listing Regulations, we are enclosing herewith copies of Newspaper Advertisement of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2025, published in the following newspapers on November 8, 2025:

1. Financial Express (English Language);
2. Nav Bharat (Hindi Language).

The above information can be accessed on the website of the Company at www.highwayinfrastructure.in.

This is for your information and records.

Thanking You,

**For Highway Infrastructure Limited**

Palak Rathore Digitally signed by Palak Rathore Date: 2025.11.08 13:22:36 +05'30'

**Palak Rathore**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: A-73755**

Encl: As above.

# मदद या मोहलत की गुंजाइश नहीं बहुत देर हो चुकी- सुप्रीम कोर्ट

- उच्चतम न्यायालय से तकिया मस्जिद के पुनर्निर्माण की याचिका खारिज
- महाकाल मंदिर के पीछे इस स्थान पर अब होगा पार्किंग निर्माण
- कोर्ट ने कहा मुआवजा भी तो दिया



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. शहर की 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला शुक्रवार को आया, प्रभावित पक्ष ने याचिका लगा रखी थी कि मस्जिद का पुन:निर्माण करने दिया जाए और मोहलत दी जाए, माननीय न्यायाधीश ने कहा अब बहुत देर हो चुकी है.**

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद के विध्वंस को चुनौती देने वाली और उसके पुनर्निर्माण की मांग करने वाली याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया.

**मस्जिद की तुड़ाई को वैध माना-** न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने अपने फैसले में मस्जिद के विध्वंस को वैधानिक बताते हुए कहा, कानूनी योजना के तहत ही सब हुआ है, फैसला देते हुए, याचिकाकर्ताओं को बड़ा झटका मिला है.

**कोर्ट ने कहा मुआवजा भी तो दिया-** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन के निजामुद्दीन कॉलोनी स्थित तकिया मस्जिद के पुनर्निर्माण की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया, कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को मुआवजा भी दिया गया था. साथ ही, कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने में बहुत देर हो चुकी है.

**महाकाल मंदिर के पीछे है स्थान-** यह मस्जिद महाकालेश्वर मंदिर परिसर के पीछे है, यहां के विस्तार और श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में मस्जिद तोड़ी गई थी.

**257 मकान भी हटाए-** उज्जैन प्रशासन ने महाकाल लोक परिसर का विस्तार करने के लिए जनवरी 2025 में ही तकिया मस्जिद सहित आसपास के लगभग 257 मकानों को ध्वस्त कर दिया था. प्रशासन ने इसे अवैध अतिक्रमण बताते हुए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी की थी. याचिकाकर्ताओं का दावा था कि यह मस्जिद 200 साल पुरानी है और इसे 1985 में वक्फ संपत्ति के रूप में अधिसूचित किया गया था.

**याचिकाकर्ताओं का तर्क-** याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एम. आर. शमशाद ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि यह 200 साल पुरानी धार्मिक संरचना थी. इसे किसी अन्य धार्मिक स्थल के पार्किंग क्षेत्र के लिए गिरा दिया गया. यह कार्रवाई धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा स्थल अधिनियम 1991 और वक्फ अधिनियम 1995 सहित कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन है, याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद को दोबारा उसी स्थान पर बनवाने की मांग की थी.

**पार्किंग निर्माण व अन्य योजना-** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद, उज्जैन प्रशासन द्वारा महाकालेश्वर मंदिर परिसर के विस्तार और पार्किंग की सुविधा विकसित करने की योजना को अब कानूनी रूप से हरी झंडी मिल गई है.

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला और टिप्पणियाँ

उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाया. पीठ की प्रमुख टिप्पणियाँ निम्नलिखित रहीं, जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा- अब बहुत देर हो चुकी है, कुछ नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने यह भी नोट किया कि याचिकाकर्ताओं ने पहले अधिग्रहण को चुनौती देने वाली अपनी रिट याचिका वापस ले ली थी. कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के तर्क को बरकरार रखा कि विध्वंस वैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ और मुआवजा भी दिया जा चुका है, उच्च न्यायालय के उस तर्क को भी दोहराया, जिसमें कहा गया था कि अनुच्छेद 25 के तहत धर्म का पालन, प्रचार और प्रसार व्यक्ति का व्यक्तिगत अधिकार है, जिसका किसी विशेष स्थान या क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है. अर्थात नमाज़ कहीं और भी अदा की जा सकती है.

## इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो बेंगलुरु में मध्यप्रदेश के 16 उद्यमी होंगे शामिल

**भोपाल.** रैम्प (आरएएमपी) योजना के तहत मध्यप्रदेश के 16 चयनित एमएसएमई उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल बेंगलुरु में आयोजित इंडिया मैन्युफैक्क्रिंग-शो (आईएमएस) 2025 में भाग ले रहा है. तीन दिवसीय इस एक्सपोज़र विजिट और शो का उद्देश्य उद्यमियों को नवीनतम तकनीकों, औद्योगिक नवाचारों, बाज़ार अवसरों और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन से अवगत कराना है. प्रतिनिधिमंडल को गुरुवार को भोपाल एयरपोर्ट से रवाना किया गया. इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, भोपाल के महाप्रबंधक सतेंद्र कुमार, प्रबंधक निकेश भिड़े एवं सहायक प्रबंधक भूपेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे.

# मतदाताओं को जल्द अधिकार दिलाए कार्यकर्ता

## विक्रम वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

**धार, 7 नवंबर. मध्यप्रदेश के धार भाजपा जिला कार्यालय में धार नगर केसरीमल सेनापति मंडल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल और तिरला मंडल के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

कार्यशाला में भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि वह वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने मैदान में जुट जाएं.

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है. इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम, पता, आयु और अन्य विवरणों का सत्यापन करेंगे. धार में भी इसी के तहत कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को सजगता के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवाहन कर रही है. कार्यशाला में बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) को प्रशिक्षण दिया गया. पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता अत्यंत आवश्यक हैं. वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए कार्यकर्ता मैदान में सक्रियता से जुट जाएं. प्रत्येक बीएलए सुनिश्चित करें कि कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई अयोग्य मतदाता जोड़ा न जाए.

उन्होंने कहा कि जो नागरिक 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे फॉर्म नंबर 6 भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि उनका नाम नवीन मतदाता सूची में जोड़ा जा सके. प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता मतदाताओं को यह जानकारी दें कि दो नवीनतम रंगीन फोटो तैयार रखें.

> भाजपा जिलाध्यक्ष महंत नीलेश भारती ने कहा कि जैसे किसी युद्ध में सैनिक ही असली योद्धा होता है, वैसे ही चुनाव में बूथ विजय का योद्धा बूथ लेवल कार्यकर्ता होता है. चुनाव आयोग की इस शुद्धिकरण प्रक्रिया में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण सहयोग देना चाहिए ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न हो सके. कार्यशाला में भाजपा के मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री और बूथ लेवल एजेंट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. इस दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा सहित भाजपा जिलाध्यक्ष महंत नीलेश भारती, धार विधायक नीना वर्मा, संयोजक डॉ. शरद विजयवर्गीय और सह संयोजक देवेंद्र सुनाने उपस्थित रहे.

# नियुक्तियां रहेगी आदेश के अधीन: हाईकोर्ट

## सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 का मामला


**जबलपुर, 7 नवंबर. सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियो में हुई अनियमितताओं, शत- प्रतिशत आरक्षण लागू करने सहित अनारक्षित वर्ग में योग्यता के आधार पर आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को शामिल नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।**

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा है कि सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियां आदेश के अधीन रहेगी। याचिका पर अगली सुनवाई 21 नवम्बर को निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एन्ड सोशल जस्टिस नामक संस्था की तरफ से दायर जनहित याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय जबलपुर द्वारा सिविल जज की भर्ती परीक्षा 2022 मे भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि 199 पद विज्ञापित किए गए थे। जिनमे से अनारक्षित वर्ग के कुल 48 पद में 17 बैकलाग, अनुसूचित जाति के कुल 18 पद में 11 बैकलाग, अनूसूचित जन जाति के 121 पद में 109 बैकलाग तथा ओबीसी के कुल 10 पद में 01 बैकलाग के निकाले गये थे। इस तरह कुल 199 पद में 138 बैकलाग जिसमे 06 पद दिव्यांगों के शामिल है.

> उक्त भर्ती परीक्षा के तीनो चरण ( प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार ) के बाद मात्र 79 अभ्यर्थी योग्य पाए गए। जिनमे ओबीसी के 15 एस.सी. वर्ग के 03 तथा एस.टी.वर्ग के एक भी नहीं है। याचिका में कहा गया था कि बैकलाग पद सिर्फ आरक्षित वर्ग के लिए निकाले जाते है। इसके अलावा अनाक्षित वर्ग में एक भी आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यार्थी का चयन नहीं किया गया।

# पांच हीरे मिले, चमकी किस्मत






**पन्ना ब्यूरो. रत्नगर्भा पन्ना मे आये दिन किसी न किसी की किस्मत चमकती रहती है आज फिर एक व्यक्ति को पांच हीरे मिले. जिससे उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा.**

हासिल जानकारी के अनुसार बृजेंद्र कुमार शर्मा निवासी सिरस्वाहा ने भरका उथली हीरा खदान मे हीरा खोदने का कार्य किया. जिसे एक साथ पांच हीरे मिले जिनकी बजारू अनुमानित कीमत 10 लाख बताई जा रही है. जिसे उसने हीरा कार्यालय मे जमा करा दिया है. हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि तीन उज्जवल किस्म के हीरे जिनका वजन 0.74 कैरेट, 2.29 कैरेट तथा 0.77 कैरेट है तथा ऑफ कलर के दो हीरे मिले हैं जिनका वजन 1.08 कैरेट एवं 0.91 कैरेट है. उपरोक्त पांचों हीरों का वजन 5.79 कैरेट है.

# 47 विधानसभाओं से गुजरेगी जनजातीय गौरव यात्रा

- उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी पत्रकार वार्ता में दी जानकारी



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 नवंबर. प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. जिसमें प्रदेश भाजपा सहभागिता करेगी.**

11 नवंबर से प्रदेश के 24 जिलों की 47 जनजातीय बहुल विधानसभाओं से जनजातीय गौरव यात्राएं निकलेंगी. ये यात्राएं हरदा, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, खंडवा, जबलपुर, उमरिया और देवास जिलों में लगातार 4 दिनों तक चलेंगी. इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन, विशिष्ठ जनजातीय व्यक्तियों का सम्मान, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम, जनजातीय स्मारकों, देवस्थानों की साफ सफाई, संरक्षण एवं दीपोत्सव किया जाएगा. यात्राओं के दौरान चौपालों का आयोजन होगा और यात्राओं का रात्रि विश्राम गांवों में होगा. यात्राओं का समापन 15 नवंबर को जबलपुर और अलीराजपुर में होगा.

यह जानकारी शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दी. उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को एक किसान परिवार में हुआ था।

### कौन किस दल में हैं, वे ही बताएंगी

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में 164 विधायक हैं, उनके नाम पूछेंगे तो मैं बता दूंगा. अब कौन किस दल में हैं ये उसी से पूछो वे ही बताएंगे. एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत का चुनाव आयोग जितनी निष्पक्षता से काम करता है, उसका लोहा पूरी दुनिया मानती है. वोटर लिस्ट की सही जांच हो, सही मतदाता छूटे नहीं और गलत मतदाता जुड़े नहीं, इसलिये ही एसआईआर की प्रक्रिया हो रही है.

# राजगढ़ सबसे ठंडा शहर, रात का पारा 11 डिग्री

### 11 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का रात का तापमान



**भोपाल, 07 नवम्बर. उत्तर भारत से चल रही ठंडी हवाओं ने मध्यप्रदेश में सर्दी का असर तेज कर दिया है. हिमालयी राज्यों में हो रही बर्फबारी का सीधा असर अब प्रदेश के मौसम पर दिखने लगा है. कई शहरों में रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है.**

राजगढ़ सबसे ठंडा शहर रहा, जहां रात का पारा 11 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया. वहीं, इंदौर में नवंबर माह की बीते 10 वर्षों में पांचवीं सबसे ठंडी रात दर्ज की गई.

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक नीचे चला गया है. भोपाल में रात का तापमान 13 डिग्री, इंदौर में 12.1 डिग्री, उज्जैन में 14.5, ग्वालियर में 16.3 और जबलपुर में 18.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. धार, गुना और नौगांव में भी पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया. सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है.

> लगातार चल रही उत्तरी हवाओं के कारण रात के तापमान में और गिरावट की संभावना है. दिन का तापमान भी सामान्य से नीचे बना हुआ है. गुरुवार को भोपाल में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री, जबकि इंदौर में 28.3 डिग्री रहा. अधिकांश शहरों में दिन का पारा 30 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. हिमालय की बर्फबारी का असर मैदानों तक पहुंच चुका है. जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी से पहाड़ सफेद चादर में ढक गए हैं. गुलमर्ग, बद्रीनाथ, केदारनाथ, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में हो रही बर्फबारी से ठंडी हवाएं मैदानों तक पहुंच रही हैं.

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र किए प्रदान



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है.**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग के 877 पदों के लिए चयनित अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर हम अपना वादा पूरा करने की तरफ एक कदम और बढ़ा रहे हैं. यह नियुक्तियां विकसित मध्यप्रदेश के हमारे सामूहिक संकल्प का एक पड़ाव है. हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर और विकसित मप्र की नींव मजबूत करनी है. वन, जहां बेहतर पर्यावरण का आधार है, वहीं स्वास्थ्य विभाग जनसामान्य के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करता है. वन विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की सेवा में आज प्रवेश ले रहे अधिकारी-कर्मचारी मजबूत, सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में पूरी प्रतिबद्धता से अपना योगदान देंगे, हम ऐसी अपेक्षा करते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वन एवं स्वास्थ्य विभाग के नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम कहते थे कि सपना वो नहीं, जो आप सोते हुए देखते हैं, सपना वो है, जो आपको सोने नहीं देता. शासकीय सेवा में प्रवेश एक उपलब्धि के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है. जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है. स्वास्थ्य सेवाओं को त्वरित, विश्वसनीय और अधिक प्रभावी बनाने में नए अधिकारी-कर्मचारियों का भी सहयोग मिलेगा.

### वन क्षेत्रपाल, वनरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप मनीषा मुकाती, रवि यादव, सोमेश शर्मा, नीरज अंब को वन क्षेत्रपाल के नियुक्ति पत्र प्रदान किए. इसी प्रकार चंद्रपाल सिंह तोमर, कुमारी हिमांगिनी राहंगडाले और अंजना परते को वन रक्षक के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए. स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डॉ. नेहानंदन चौरसिया, डॉ. राम आशीष शुक्ला, डॉ. मंजूलता आर्य, डॉ. जितेन्द्र कैथवाल, डॉ. भूमा भावना और डॉ. नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए. उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा नवनियुक्त 76 वन क्षेत्रपाल और 467 वनरक्षकों को आज नियुक्ति पत्र जारी किए गए. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नवनियुक्त 75 एनेस्थेसिया विशेषज्ञों, 62 सर्जन, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ ओर 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए.


# HIGHWAY INFRASTRUCTURE LIMITED

HIGHWAY INFRASTRUCTURE

CIN: U45203MP2006PLC018398

Regd. Office : 57-FA, SCHEME NO. 94, PIPLIYAHANA JUNCTION, RING ROAD, INDORE, (M.P.) – 452016, INDIA
Tel: -0731-2590013, 4047177 , Email:hiplindore@gmail.com, Website: www.highwayinfrastructure.in

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER, 2025**

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE (Amt. in Millions) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 1093.22 | 1146.7 | 991.54 | 2239.92 | 1828.65 | 4312.97 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 125.70 | 97.03 | 3.60 | 222.73 | 44.96 | 246.65 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 125.70 | 97.03 | 3.60 | 222.73 | 44.96 | 246.65 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 96.02 | 71.98 | 2.61 | 168.00 | 34.26 | 196.55 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 96.00 | 71.96 | 2.61 | 167.97 | 34.26 | 196.50 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 358.60 | 288.95 | 288.95 | 358.60 | 288.95 | 288.95 |
| 7 | Earnings Per Share (Adjusted, not Annualised) (of Rs. 5/- each) 1. Basic: | 1.27 | 1.25 | 0.05 | 2.52 | 0.59 | 3.40 |
| | 2. Diluted: | 1.27 | 1.25 | 0.05 | 2.52 | 0.59 | 3.40 |

| Sr. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 1153.11 | 1124.75 | 1193.94 | 2277.86 | 2268.38 | 5044.79 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 126.58 | 97.03 | 18.94 | 223.61 | 83.10 | 302.54 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 126.58 | 97.03 | 18.94 | 223.61 | 83.10 | 302.54 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 96.68 | 71.95 | 15.71 | 168.63 | 57.78 | 223.97 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 95.86 | 72.50 | 13.78 | 168.36 | 45.06 | 196.65 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 358.60 | 358.60 | 288.95 | 358.60 | 288.95 | 288.95 |
| 7 | Earnings Per Share (Adjusted, not Annualised) (of Rs. 5/- each) 1. Basic: | 1.28 | 1.25 | 0.27 | 2.53 | 1.00 | 3.40 |
| | 2. Diluted: | 1.28 | 1.25 | 0.27 | 2.53 | 1.00 | 3.40 |

# The Company does not have any Exceptional and Extraordinary item to report for the above periods.

**Note:**

1. The above Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results as reviewed by the Audit Committee were approved by the Board of Directors at their meeting held on November 6 ,2025. The Statutory Auditors of the Company has carried out audited results pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015
2. The above is an extract of the detailed format of the Statements of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Statements of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.highwayinfrastructure.in) and the same can be accessed by scanning the QR Code provided below:

**Place: Indore**
**Date: 08.11.2025**

**For and on behalf of Board of Directors of Highway Infrastructure Limited**
**Sd/-**
**Arun Kumar Jain**
**Managing DIrector**
**(DIN -00006132)**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्पलेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60




Pick the drive that fits your spirit: Carens Clavis with dynamic performance or Carens Clavis EV with 490km** range and electric power. Whether you choose traditional strength or advanced efficiency, you'll discover bold design, spacious comfort, seamless tech, and connection in every journey. Book now and experience the epic together.


Scan to know more

**The Carens Clavis** Built smart

**The Carens Clavis EV** Commanding electric presence


Dual Pane Panoramic Sunroof


67.62 cm (26.62") Dual Panoramic Display Panel


ADAS Level 2^ with 20 Autonomous Features


V2L – Vehicle to Load (External & Internal)


Paddle Shifters for i-Pedal & Regenerative Braking#


51.4 kWh & 42 kWh Battery Pack Options

For more information, visit our dealership or contact: 1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & Conditions Apply. Benefit shown is the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits applicable on Carens Clavis (ICE) only, which may vary from model to model and region to region. **The individual driving style and other factors, such as speed, outside temperature, topography, and the use of electricity-consuming devices/units, have an influence on the real-life range regeneration level, and can possibly reduce it. Range as per ARAI MIDC-Full. ^Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. #i-Pedal Regen technology is not a complete replacement for the brake pedal, and drivers should always be prepared to use the brake pedal for emergencies or when more forceful braking is needed. The product & feature images shown here are for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown. The specifications and features may vary depending on models/ variants. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications and other details of any model or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads.

For Information Contact: DELHI: **Frontier Kia:** Safdarjung, Ph: 9873943152, **Jayanti Motors:** Lajpat Nagar, Ph: 7290070428; Mathura Road, Ph: 7290027386; Okhla, Ph: 9167068714 **Automotive Kia:** Dwarka, Sector 20, Ph: 9953800193; Rajapuri, Ph: 7289022062 **Ritu Kia:** Mayapuri, Ph: 7419798999; Moti Nagar, Ph:7419595999 **Speedingo Kia:** Gokulpuri, Ph: 9555289289; Patparganj Industrial Area, Ph: 9555125125; Dilshad Garden, Ph: 9555170170 **Zedex Kia:** MB Road, Saket, Ph: 9899415800 **Malwa Kia:** Narela, Ph: 7496961800 **Shuban Sai Kia:** Vikaspuri, Ph : 9218039120, **Allied Kia:** Connaught Place, Ph: 08047363017; Karol Bagh, Ph: 08045888886; **Sparsh Kia:** Moti Nagar, Ph: 7428380700 **Lohia Kia:** Peeragarhi, Ph: 8929300642; Wazirpur, Ph: 8929200845; Rohini, Ph: 8929247777 GURGAON: Frontier Kia, MG Road, Ph: 09654264367; Golf Course Road, Ph: 9205080960 **ASB Kia:** Golf Course Extn Road, Ph: 8800185551 **Dhingra Kia:** Old Gurgaon, Ph: 8745900045 **Allied Kia:** Sohna Road, Ph: 9899486666 SOHNA: **Dhingra Kia:** Sohna, Ph: 8929600045 FARIDABAD: **Saluja Kia:** near NIT, Ph: 7056661901 **Dhingra Kia:** Badhkal Chowk, Ph: 8743900045 NOIDA: **Allied Kia:** Sector 6, Ph: 9899476666, **Lohia Kia:** Sec-63 Noida, Ph:8929300525 **Jayanti Kia:** Salarpur, Sec-49, Khadar, Noida, Ph: 8929119911, GREATER NOIDA: **NRL Kia:** B-1 Surajpur, Ph: 8929484657, GHAZIABAD: **ASB Kia:** Ghaziabad, Ph: 8505815555, SAHIBABAD: Ph: 8505935555, Pandav Nagar, Ph:7042540555 PALWAL: **Harish Kia:** Palwal, Ph: 7056661800


## MITSU CHEM PLAST LIMITED

**CIN: L25111MH1988PLC048925**
**Regd Office:** 329, Gala Complex, 3rd Floor, Din Dayal Upadhyay Marg, Mulund (W), Mumbai – 400 080.
**Email:** investor@mitsuchem.com | **Phone No:** 022-2592 0055

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2025**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | 3 Months Ended 30.09.2025 | 3 Months Ended 30.09.2024 | Half Year Ended 30.09.2025 | 12 Months Ended 31.03.2025 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1. Total Income | 9,255.85 | 8,145.80 | 17,796.24 | 33,287.97 |
| 2. Profit/(Loss) from ordinary activities before Exceptional items and tax | 255.09 | 156.66 | 433.90 | 1,000.75 |
| 3. Profit/(Loss) before tax | 255.09 | 156.66 | 433.90 | 1,000.75 |
| 4. Total Other comprehensive income, net of tax | - | - | - | (18.74) |
| 5. Total comprehensive income | 188.35 | 113.64 | 319.50 | 706.35 |
| 6. Paid up equity share capital (Face Value of ₹10 Each) | 1,357.80 | 1,357.98 | 1,357.80 | 1,357.80 |
| 7. Other Equity excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year | - | - | - | 8,340.39 |
| 8. Basic Earning Per Share (EPS) | 1.39 | 0.84 | 2.35 | 5.39 |
| 9. Diluted Earning Per Share (EPS) | 1.39 | 0.84 | 2.35 | 5.39 |

**Extract to Notes :-** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the website of BSE Ltd. and at the Company's website at www.mitsuchem.com.

**By order of the Board of Directors**
**For Mitsu Chem Plast Limited**
**Sd/-**
**Jagdish Dedhia**
**Chairman and Whole-Time Director**

**Place : Mumbai**
**Date : November 6, 2025**

Schneider Electric

## Schneider Electric Infrastructure Limited

**Registered Office:** Milestone 87, Vadodara-Halol Highway, Village Kotambi, Post office Jarod, Vadodara - 391510, Gujarat, India
**Corporate Office:** 9th Floor, DLF Building No. 10 Tower C, DLF Cyber City Phase II, Gurugram -122002, Haryana, India,
Tel : +91 124 3940400; Fax : +91 124 4222036;
Website: https://infra-in.se.com/, CIN : L31900GJ2011PLC064420

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE 2ND QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2025**

The Unaudited Financial Results for the 2nd quarter and half year ended September 30, 2025 were reviewed by Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on November 7, 2025.

The Unaudited Financial Results are available on the websites of stock exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com. These have also been posted on the Company's website at https://infra-in.se.com/en/investor/annual-reports-financials.jsp and can also be accessed by scanning the accompanying Quick Response (QR) Code.

For and on behalf of Board of Directors
**Schneider Electric Infrastructure Limited**
Sd/-
**Udai Singh**
Managing Director & CEO
DIN : 10311583

Place : Gurugram
Date : November 7, 2025

## HIGHWAY INFRASTRUCTURE LIMITED

**CIN: U45203MP2006PLC018398**
Regd. Office : 57-FA, SCHEME NO. 94, PIPLIYAHANA JUNCTION, RING ROAD, INDORE, (M.P.) – 452016, INDIA
Tel: -0731-2590013, 4047177 , Email:hiplindore@gmail.com, Website: www.highwayinfrastructure.in

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER, 2025**

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE (Amt. in Millions) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 1093.22 | 1146.7 | 991.54 | 2239.92 | 1828.65 | 4312.97 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 125.70 | 97.03 | 3.60 | 222.73 | 44.96 | 246.65 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 125.70 | 97.03 | 3.60 | 222.73 | 44.96 | 246.65 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 96.02 | 71.98 | 2.61 | 168.00 | 34.26 | 196.55 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 96.00 | 71.96 | 2.61 | 167.97 | 34.26 | 196.50 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 358.60 | 288.95 | 288.95 | 358.60 | 288.95 | 288.95 |
| 7 | Earnings Per Share (Adjusted, not Annualised) (of Rs. 5/- each) 1. Basic: | 1.27 | 1.25 | 0.05 | 2.52 | 0.59 | 3.40 |
| | 2. Diluted: | 1.27 | 1.25 | 0.05 | 2.52 | 0.59 | 3.40 |
| Sr. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | | | |
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 1153.11 | 1124.75 | 1193.94 | 2277.86 | 2268.38 | 5044.79 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 126.58 | 97.03 | 18.94 | 223.61 | 83.10 | 302.54 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 126.58 | 97.03 | 18.94 | 223.61 | 83.10 | 302.54 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 96.68 | 71.95 | 15.71 | 168.63 | 57.78 | 223.97 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 95.86 | 72.50 | 13.78 | 168.36 | 45.06 | 196.65 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 358.60 | 358.60 | 288.95 | 358.60 | 288.95 | 288.95 |
| 7 | Earnings Per Share (Adjusted, not Annualised) (of Rs. 5/- each) 1. Basic: | 1.28 | 1.25 | 0.27 | 2.53 | 1.00 | 3.40 |
| | 2. Diluted: | 1.28 | 1.25 | 0.27 | 2.53 | 1.00 | 3.40 |

# The Company does not have any Exceptional and Extraordinary item to report for the above periods.

**Note:**

1. The above Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results as reviewed by the Audit Committee were approved by the Board of Directors at their meeting held on November 6 ,2025. The Statutory Auditors of the Company has carried out audited results pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015
2. The above is an extract of the detailed format of the Statements of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Statements of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.highwayinfrastructure.in) and the same can be accessed by scanning the QR Code provided below:

**Place: Indore**
**Date: 08.11.2025**

**For and on behalf of Board of Directors of Highway Infrastructure Limited**
**Sd/-**
**Arun Kumar Jain**
**Managing Director**
**(DIN -00006132)**

THE BUSINESS DAILY
FINANCIAL EXPRESS
Read to Lead
FOR DAILY BUSINESS
Indian Express Group